**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल ने कुलपति नियुक्त किये

लखनऊ: 30 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय, श्री राम नाईक ने आज उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलपति नियुक्त किये है।

राज्यपाल ने प्रोफेसर, विनय कुमार पाठक, कुलपति, वर्धमान महावीर मुक्त विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान को उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ का कुलपति तथा प्रो0 नरेन्द्र कुमार तनेजा, सदस्य, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर को चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का कुलपति नियुक्त किया है।

राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर ने यह जानकारी देते हुये बताया कि कुलपतियों की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गयी है।

---------